भास्कर खास • रेलवे की सुविधा और बढ़ती फ्लाइटें हमारी यात्रा को आसान बनाएंगी

आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर बसों के टिकट भी बुक हो सकेंगे

आंध्र प्रदेश और गुजरात समेत 5 राज्यों के साथ एमओयू

नरेश वशिष्ठ | जयपुर।

लोगों को अगर दूसरे राज्यों में बस में सफर करना है तो उन्हें अब इधर-उधर नहीं भटकना पडेगा। ऐसे यात्री अब आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर भी बसों के टिकट की बुकिंग करा सकते हैं। शुरूआत में आईआरसीटीसी ने देश के पांच राज्यों की पथ परिवहन निगम के साथ एमओयू किया है। करीब पांच से अधिक राज्यों से एमओयू के लिए बातचीत चल रही है। ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा शुरू हो गई है। इसके लिए लोगों को आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.co.in या फिर www.bus.irctc.co.in पर जाना होगा।

टिकट बुक कराने वाले यात्री को इन वेबसाइट पर जाना होगा। वेबसाइट के होम पेज पर बस बुकिंग का लिंक दे रखा है। इस पर यात्री को क्लिक करना होगा। क्लिक करने के बाद यात्री को राज्यों की सूची मिलेगी। चयन के बाद स्थान, समय और सीट चुनना होगा। बुकिंग के साथ ही बस स्टॉप के बारे में भी सूचित किया जाएगा।

अन्य राज्यों के लिए जल्द शुरू होगी सुविधा

आईआरसीटीसी के वेबसाइट पर भी अब बसों की बुकिंग हो सकेगी। इसके लिए कुछ राज्यों के साथ एमओयू किया गया है। वहीं अन्य से बातचीत चल रही है। उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गुजरात, ओडिसा, केरला पथ परिवहन निगम के साथ एमओयू किया है।जल्द ही राज्यों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। इससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी। उन्हें परेशान नहीं होना पडेगा।

-सुनील तनेजा, क्षेत्रीय प्रबंधक, आईआरसीटीसी

एयरपोर्ट : 8 से अब 37 फ्लाइट्स का संचालन

जयपुर।जयपुर एयरपोर्ट पर कोरोना के बाद शुरूआत में 8 फ्लाइट का संचालन शुरू हुआ था, जो अब बढ़कर 37 हो गई। यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यह स्थिति तो तब है जबकि कोरोना काल में देश मेंलगे लॉकडाउन के चलते 2 माह के लिए हवाई यात्रा पूरीतरह बंद रही। 2020 के आंकड़े दर्शाते हैं कि कोरोना की वजह सेएविएशन सेक्टर को भारी नुकसान हुआ है। 2020 में यात्रीभार 2019 के मुकाले महज 43 फीसदी रह गयाहै। यानी यात्रीभार 57 प्रतिशत कम रहा है। 2019 में रोज औसतन 57 फ्लाइट हुई संचालित हुई जबकि 2020 में जयपुर एयरपोर्ट से कुल 20921 फ्लाइटसंचालित हुई तो रोज औसतन 29 फ्लाइट का हो का संचालन हो सका।